A MAHARATNA COMPANY
5 DECADES OF UNEARTHING ENERGY

# वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड समाचार

हमारे लोग, हमारी ताकत
दिनांक : 15 अप्रैल, 2026
अंक : 525

## देश की कोयला आवश्यकताओं को पूर्ण करने में वेकोलि का अहम योगदान किया 63.03 मिलियन टन का वार्षिक कोयला उत्पादन



वेस्टर्न कोलफ़ील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में कोयला उत्पादन, डिस्पैच एवं ओबीआर में महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की है। इस वित्तीय वर्ष के दौरान वेकोलि ने 63.03 मिलियन टन कोयला उत्पादन, 60 मिलियन टन कोयला प्रेषण तथा 354.33 मिलियन क्यूबिक मीटर ओवर बर्डन निष्कासन किया।

वेकोलि की यह उपलब्धि वर्ष भर किए गए अनेक सकारात्मक कार्यों का प्रतिफल है। वर्ष 2025-26 में वेकोलि ने 5.375 मिलियन टन की इंक्रीमेंटल पर्यावरणीय स्वीकृति हासिल कर अपनी क्षमता में विस्तार किया है। इसी दौरान 7 परियोजनाओं के लिए कुल 207.76 हेक्टेयर वन भूमि की स्टेज–II वन स्वीकृति हासिल की गई, जो कंपनी की स्थापना के बाद एक ही वित्तीय वर्ष में प्राप्त हुई सर्वाधिक वन स्वीकृतियाँ हैं।

कोयला खनन प्रक्रिया को अधिक कारगर एवं सुरक्षित बनाने हेतु वेकोलि द्वारा कंटीन्यूअस माइनर एवं सरफेस माइनर जैसी नई तकनीक को वृहद् तौर पर अपनाया गया। वर्तमान में, वेकोलि में 06 सरफेस माइनर एवं 03 कन्टिन्यूअस माइनर कार्यरत है। जल्द ही 2 और सरफेस माइनर तथा योजनाबद्ध अंतराल में 23 कन्टिन्यूअस माइनर लगाने की योजना है।

इस वर्ष कंपनी के उत्पादन में वणी क्षेत्र का सबसे ज्यादा 13.31 मिलियन टन कोयले का योगदान रहा। इसी प्रकार नागपुर क्षेत्र का 11.65 मिलियन टन तथा उमरेड क्षेत्र का 10.57 मिलियन टन कोयला-उत्पादन का उल्लेखनीय योगदान रहा।

वित्तीय वर्ष 2025-26 में क्रिटिकल मिनरल्स/रेयर-अर्थ एलिमेंट्स (Critical Minerals/Rare Earth Minerals) के क्षेत्र में भी वेकोलि का कार्य सकारात्मक रहा। WCL की 06 ओपनकास्ट खदानों में 500 सैंपल की Elemental Analysis की गई। इस विश्लेषण में Rhenium, Potash, Titanium एवं Tellurium प्रमुख रूप से पाए गए। आगे की कार्यवाही हेतु Adasa UG to OC तथा मकरधोकरा-III ओपनकास्ट माइंस के Samples NFTDC, हैदराबाद भेजे गए हैं। आगे द्वितीय चरण में 06 अन्य वित्तीय वर्ष 2025-26 में क्रिटिकल मिनरल्स/रेयर-अर्थ एलिमेंट्स (Critical Minerals/Rare Earth Minerals) के क्षेत्र में भी वेकोलि का कार्य सकारात्मक रहा। WCL की 06 ओपनकास्ट खदानों में 500 सैंपल की Elemental Analysis की गई। इस विश्लेषण में Rhenium, Potash, Titanium एवं Tellurium प्रमुख रूप से पाए गए। आगे की कार्यवाही हेतु Adasa UG to OC तथा मकरधोकरा-III ओपनकास्ट माइंस के Samples NFTDC, हैदराबाद भेजे गए हैं। आगे द्वितीय चरण में 06 अन्य ओपनकास्ट खदानों में Elemental Analysis हेतु निविदा प्रक्रिया जारी है।

साथ ही वर्ष 2025-26 में कोल गैसीफिकेशन प्रोजेक्ट, फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट एवं नेट ज़ीरो कंपनी बनने की दिशा में भी सकारात्मक प्रगति हुई। CSR परियोजनाओं के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास, स्वच्छता तथा सामुदायिक विकास के क्षेत्रों में व्यापक कार्य किए गए।

इन सभी उपलब्धि से उत्साहित टीम वेकोलि में नए वित्तीय वर्ष के लक्ष्य को हासिल करने का विश्वास स्पष्ट दिखाई पड़ता है।



## बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर को वेकोलि की आदरांजलि



आज दिनांक 14.04.2026 को, वेस्टर्न कोलफ़ील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) में, बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर को आदरांजलि अर्पित की गयी। मुख्यालय में आयोजित समारोह में वेकोलि के निदेशक (वित्त) श्री बिक्रम घोष, निदेशक (मानव संसाधन) डॉ. हेमंत शरद पांडे, निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना) श्री संदीप परांजपे तथा मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री अजय मधुकर म्हेत्रे ने डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती पर उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित कर उनके प्रति आदर व्यक्त किया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में निदेशक (मानव संसाधन) डॉ. हेमंत शरद पांडे ने डॉ. भीमराव आंबेडकर के कार्य एवं विचारों पर विस्तार से बात की। उन्होंने संविधान में निहित, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व जैसे सिद्धांतों को राष्ट्र के विकास में कारगर बताया। डॉ. भीमराव आंबेडकर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि बाबासाहेब के विचार आज के बदलते परिवेश में भी अत्यंत प्रासंगिक एवं उपयुक्त है।

कार्यक्रम के दौरान एस.सी/एस.टी/ओबीसी सेल के लिएज़न अधिकारी श्री अतुल बंसोड़ ने बाबासाहेब की जीवनी पढ़ी तथा युवा कर्मियों ने बुद्ध वंदना प्रस्तुत की।

समारोह में महाप्रबंधक, विभागाध्यक्षों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। सभी ने पुष्पांजलि अर्पित कर बाबासाहेब के प्रति आदर व्यक्त किया।

## कोल इंडिया का तृतीय HR/IR कॉन्क्लेव "उत्कर्ष 2026" में वेकोलि सम्मानित

वेस्टर्न कोलफ़ील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) ने मानव संसाधन क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए अपने गौरव में नया आयाम जोड़ा है। निदेशक (मानव संसाधन) डॉ. हेमंत शरद पांडे के दूरदर्शी नेतृत्व में, WCL ने दिनांक 10.04.2026 को साउथ ईस्टर्न कोलफ़ील्ड्स लिमिटेड (SECL) द्वारा आयोजित कोल इंडिया लिमिटेड का तृतीय HR/IR कॉन्क्लेव "उत्कर्ष 2026" में डिजिटल पहल (Digital Initiatives) विषय पर आयोजित कॉन्सेप्ट/बेस्ट प्रैक्टिसेस प्रेजेंटेशन में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस राष्ट्रीय स्तर के कॉन्क्लेव में कोल सेक्टर में मानव संसाधन (HR) एवं औद्योगिक संबंध (IR) के बदलते स्वरूप पर गहन चर्चा की गई।

यह उपलब्धि टीम WCL के सतत प्रयासों, उत्कृष्ट समन्वय और नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता का प्रत्यक्ष प्रमाण है। इस प्रतिष्ठित मंच पर प्रथम स्थान प्राप्त करना संगठन की डिजिटल परिवर्तन की दिशा में मजबूत सोच और प्रभावी कार्यान्वयन को दर्शाता है।

इस सफलता के पीछे टीम WCL के प्रत्येक सदस्य का समर्पण, परिश्रम और टीम भावना सराहनीय है। यह उपलब्धि न केवल संगठन के लिए गौरव का विषय है, बल्कि भविष्य में और भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरणा का स्रोत भी है।

इस उल्लेखनीय सफलता के लिए टीम WCL के सभी सदस्यों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ।



## सीएसआर पहल के अंतर्गत 70 युवाओं के लिए कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



वेस्टर्न कोलफ़ील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) ने कौशल विकास, युवा सशक्तिकरण और सामुदायिक उत्थान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को एक बार फिर सशक्त रूप से प्रदर्शित किया है। अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (CSR) पहल के अंतर्गत, WCL ने चंद्रपुर स्थित सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (CIPET) के सहयोग से 70 युवाओं के लिए एक विशेष कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम विशेष रूप से प्लास्टिक प्रोसेसिंग और इंजेक्शन मोल्डिंग जैसे आधुनिक और उद्योग-उन्मुख तकनीकी कौशलों पर केंद्रित था, जो वर्तमान औद्योगिक आवश्यकताओं के अनुरूप हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को व्यावहारिक ज्ञान और तकनीकी दक्षता प्रदान कर उन्हें रोजगार के बेहतर अवसरों के लिए तैयार करना था। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को अत्याधुनिक मशीनों, तकनीकों और प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई, जिससे उनकी कार्यकुशलता और आत्मविश्वास में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

इस पहल के परिणाम अत्यंत उत्साहजनक रहे। कुल 70 प्रशिक्षुओं में से 60 को विभिन्न प्रतिष्ठित औद्योगिक संस्थानों में सफलतापूर्वक रोजगार प्राप्त हुआ है। इनमें जाबिल मैन्युफैक्चरिंग इंडिया प्रा. लि., सिका इंडिया प्रा. लि. तथा सियोयोन ई-ह्वा ऑटोमोटिव इंडिया प्रा. लि. जैसी अग्रणी कंपनियाँ शामिल हैं। शेष 10 प्रशिक्षुओं ने अपने ज्ञान और कौशल को और अधिक उन्नत करने के उद्देश्य से उच्च शिक्षा जारी रखने का निर्णय लिया है, जो इस कार्यक्रम की दीर्घकालिक प्रभावशीलता को दर्शाता है।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन पर आयोजित प्रमाणपत्र वितरण समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में WCL के महाप्रबंधक (HRD) श्री मनोज कुमार गुप्ता उपस्थित रहे। उनके साथ CIPET CSTS, चंद्रपुर के निदेशक एवं प्रमुख श्री प्रवीण बी. बच्छाव तथा सुश्री कामिनी अहलावत भी मंच पर उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने प्रशिक्षुओं को प्रमाणपत्र प्रदान किए और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

अपने संबोधन में वक्ताओं ने इस प्रकार की पहलों के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि उद्योग-आधारित कौशल प्रशिक्षण आज के समय की आवश्यकता है, जो युवाओं को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि WCL द्वारा संचालित इस प्रकार की CSR गतिविधियाँ न केवल रोजगार सृजन में सहायक हैं, बल्कि समाज के समग्र और समावेशी विकास को भी गति प्रदान करती हैं।

यह पहल WCL के उस व्यापक दृष्टिकोण को दर्शाती है, जिसके अंतर्गत वह केवल औद्योगिक विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के वंचित एवं जरूरतमंद वर्गों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए भी सतत प्रयासरत है। विशेष रूप से महिला सशक्तिकरण, कौशल विकास और स्थायी आजीविका के अवसरों का सृजन WCL की प्राथमिकताओं में शामिल है।

इस प्रकार, WCL और CIPET के संयुक्त प्रयासों से संचालित यह प्रशिक्षण कार्यक्रम न केवल युवाओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने में सफल रहा है, बल्कि यह अन्य संस्थानों के लिए भी एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत करता है।



## त्रैमासिक गृह-पत्रिका "प्रगति" का विमोचन



वेस्टर्न कोलफ़ील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) की त्रैमासिक गृह-पत्रिका "प्रगति" (जनवरी – मार्च 2026 अंक) का विमोचन दिनांक 06 अप्रैल 2026 को अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक (अति. प्र.) श्री हरीश दुहन, निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री आनंदजी प्रसाद, निदेशक (मानव संसाधन) डॉ. हेमंत शरद पांडे, निदेशक तकनीकी (परियोजना एवं योजना) श्री संदीप एस. परांजपे तथा महाप्रबंधक (खनन/जनसंपर्क) श्री एस. आर. गबाले द्वारा किया गया। गृह-पत्रिका के इस अंक में प्रेरणादायक सफलताओं की कहानियाँ, गहन विचारों से भरे लेख तथा टीम वेकोलि की रचनात्मकता की सुंदर झलक मिलेगी।

## स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए वेकोलि की पहल

वेस्टर्न कोलफ़ील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) के निदेशक (मानव संसाधन) डॉ. हेमंत शरद पांडे के दूरदर्शी नेतृत्व में, वेकोलि अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) पहलों के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, वेकोलि ने जीवन ज्योति हेल्थ केयर एंड रिसर्च ट्रस्ट, नागपुर को उन्नत चिकित्सा उपकरणों की खरीद हेतु वित्तीय सहायता प्रदान की है। इसमें स्पेक्ट्रा ऑप्टिया अफेरेसिस सिस्टम तथा ट्यूब सीलर जैसे अत्याधुनिक उपकरण शामिल हैं, जिन्हें जीवन ज्योति ब्लड सेंटर में स्थापित किया गया है।

यह अत्याधुनिक तकनीक रक्त अवयव पृथक्करण और स्टेम सेल संग्रहण सेवाओं को अत्यधिक उन्नत करेगी। इससे सिकल सेल रोग, थैलेसीमिया तथा विभिन्न प्रकार के रक्त कैंसर से पीड़ित मरीजों को विशेष एवं जीवनरक्षक उपचार सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

इस परियोजना का विधिवत उद्घाटन वेकोलि के श्री जी. सीतारामन, महाप्रबंधक (CSR/कल्याण) एवं श्री शशि शंकर, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (प्रभारी) की उपस्थिति में, जीवन ज्योति ब्लड सेंटर के अधिकारियों के साथ किया गया।



## माइंस रेस्क्यू टीम के रोप रेस्क्यू प्रशिक्षण हेतु समझौता



वेस्टर्न कोलफ़ील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) के माइंस रेस्क्यू टीम को उन्नत रोप रेस्क्यू प्रशिक्षण के लिए समझौता ज्ञापन (MoU) किया गया है। यह MoU वेकोलि के निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री आनंदजी प्रसाद की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। Allied Safety Equipment (Petzl) के साथ इस समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। जिसके अंतर्गत माइंस रेस्क्यू टीम को उन्नत रोप रेस्क्यू प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

इस पहल के अंतर्गत माइंस रेस्क्यू स्टेशन, नागपुर में रोप रेस्क्यू के विभिन्न मॉड्यूल में प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु एक 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' स्थापित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि, माइंस रेस्क्यू स्टेशन, नागपुर देश का पहला रेस्क्यू स्टेशन बन गया है, जहाँ उन्नत रोप रेस्क्यू प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

समझौते पर वेकोलि की ओर से महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं रेस्क्यू) श्री दिनेश बिसेन तथा Allied Safety की ओर से सीनियर मैनेजर (सेल्स) श्री प्रशांत सावंत ने हस्ताक्षर किए। यह पहल रेस्क्यू कर्मियों की क्षमता निर्माण, आधुनिक प्रशिक्षण सुविधाओं के विस्तार तथा आपदा प्रबंधन में दक्षता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## वेकोलि के सितारे
## निर्झरा परिमल बुलकुंडे को हार्दिक बधाई

कम्पनी मुख्यालय के वित्त विभाग में अकाउंटेंट पद पर कार्यरत श्री परिमल बुलकुंडे की सुपुत्री सुश्री निर्झरा ने सीबीएसई की दसवीं परीक्षा में 93% अंक प्राप्त कर हमें गौरवान्वित होने का सुअवसर दिया है। सुश्री निर्झरा डॉक्टर बनकर लोगों की सेवा करना चाहती है।

आपके असाधारण सफलता के लिए वेकोलि परिवार के ओर से बधाई एवं शुभकामनाएं...!



## भूमि अधिग्रहण के एवज में 73 भू-आश्रितों को रोजगार नियुक्ति पत्र प्रदान




वेस्टर्न कोलफ़ील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) में 01 अप्रैल 2026 को भूमि अधिग्रहण के एवज में 73 भू-आश्रितों को रोजगार नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। वेकोलि मुख्यालय स्थित सांस्कृतिक भवन में आयोजित इस नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में वेकोलि के निदेशक (वित्त) श्री बिक्रम घोष, निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री आनंदजी प्रसाद, निदेशक (मानव संसाधन) डॉ. हेमंत शरद पांडे, निदेशक तकनीकी (परि. एवं यो.) श्री संदीप परांजपे के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।

समारोह के दौरान उपस्थित अतिथियों ने सभी 73 भू-आश्रितों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी।

कार्यक्रम के आरंभ में श्री ललित प्रकाश तिर्की, महाप्रबंधक (औद्यो. सं.) ने स्वागत भाषण किया। इस अवसर पर संचालन समिति की ओर से श्री आशीष मूर्ति ने अपनी बात रखी।

समारोह में WCL के संचालन समिति के सदस्य सर्वश्री सी जे जोसेफ, राजेश सूर्यवंशी, एस एच बेग, शरद धांडे तथा एस आर गबाले उपस्थित रहे। समारोह में अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



वेकोलि जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित एवं द इनोव्हेटर्स, नागपुर द्वारा मुद्रित।